तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025



11 ग्रामीणों ने गली को लेकर पंचायत प्रशासन के खिलाफ जताया रोष





12 सीवनवासियों ने बाईपास बनाने की मांग उठाई




## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट, छह लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव अनूपगढ़ में महिला पर रंजिशन हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अनूपगढ़ निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही रणबीर परिवार से रंजिश चली आ रही है।

### आरोपी से 115 ग्राम सुल्फा बरामद किया

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी को काबू कर लिया गया, जिसके कब्जे से 115 ग्राम सुल्फा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई राजेश कुमार की टीम वीरवार को शाम के समय गश्त दौरान गुरु रविदास चौंक अंबाला रोड़ पर मौजूद थी, जहां पर एक संदिग्ध नौजवान लड़का पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक तेज कदमों से चलने लगा था।

### नकली हार्पिक बेचने पर दुकानदार पर मुमदमा

**जींद।** ब्रांडेड कंपनी का लेवल तथा ट्रेड मार्का लगा बाजार में बेचने पर सफीदों पुलिस ने एक दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। हार्पिक कंपनी के नुमाइंदे पुनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सफीदों में उनकी कपंनी का लेवल तथा मार्का लगा कर नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

### आत्महत्या को मजबूर करने के आरोपी का आत्मसमर्पण

**कैथल।** आत्महत्या करने को मजबूर करने के मामले में लगातार दी जा रही पुलिस दबिश के चलते आरोपी पाई गेट पूंडरी निवासी राजेश कुमार ने पुलिस दबाव के चलते वीरवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बरसाना निवासी विशाल की शिकायत अनुसार उसकी 28 वर्षीय बहन सुनैना जो ग्रेजुएशन कर चुकी थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव झांज कलां से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झांज कलां निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा है।

### 2 लाख 24 हजार 203 रुपये ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में शहर के प्यौदा रोड निवासी पीयूष सिंगला ने बताया कि वह बीकॉम पास है। उसका एसबीआई में खाता है। सितंबर में उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा। इसमें एडल्ट चेट 199 रुपए में करने का अवसर दिया। लिंक पर क्लिक किया तो आईडी खुल गई। फिर अज्ञात ने उसे 149 रुपए भेज दिए। इसके बाद सिक्योरिटी की पेमेंट के संबंध में मैसेज आया, लेकिन उसने पेमेंट नहीं की।

### गन्ना फसल का रकबा बढाने के लिए अनुदान

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गन्ना फसल की खेती को बढावा देने के लिए केंद्र सरकार पोषण मिशन के तहत अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। कृषि एंव किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2025-26 में गन्ने की सिफारिश शुदा किस्मों के साथ अंतः फसल लगाने वाले को इनपुट खरीदने के लिए अनुदान के रूप में 3200 रुपये प्रति एकड़ दिए जाएंगे।

### लूट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार


**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने बैंक से रुपये निकलवा कर लाए व्यक्ति से बाइक सवारों द्वारा दस हजार की राशि लूटने पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से लूट की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# धुंध और कोहरे ने आमजन के जनजीवन को किया पूरी तरह से प्रभावित

## धुंध के चलते लगातार रेलगाड़ियां हो रही लेट, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धुंध व कोहरे ने आमजन जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित रख दिया है। सुबह के समय कोहरा छाने के चलते वाहनों को एक-दूसरे रेंगते देखा गया। वहीं शाम होते-होते शहर फिर से कोहरे की चपेट में आने लगा। इस समय अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान सात डिग्री रह रहा है। मौसम में आद्रता 97 प्रतिशत और हवा की गति मात्र आठ किलोमीटर रही। कडाके की ठंड ने बाजार में दुकानदारों को भी खाली बैठने पर मजबूर कर दिया है। पूरा दिन दुकानदार बाजार में ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आते हैं। वहीं कोहरे का असर यातायात के वाहनों पर भी पड़ रहा है। जो यात्रियों को परेशानी में डाल रहा है। शुक्रवार को भी दिन का आगाज घने कोहरे के साथ हुआ। 11 बजे सूर्य देवता ने दर्शन दिए और लोगों को ठंड से राहत मिली। शाम को छह बजे फिर से कोहरा छा गया। धुंध के चलते लगातार ट्रेन लगातार अपने निर्धारित समय से लेट संचालित हो रही हैं। शुक्रवार को ट्रेन नंबर 20423 छिंदवाड़ा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से चार घंटे लेट जींद जंक्शन पर पहुंची। ट्रेन सुबह छह बजकर सात मिनट की जगह सुबह दस बजे जींद पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 20424 फरीदकोट से चलकर सुबह आठ बजकर 56 मिनट की जगह सुबह दस बजकर 25 मिनट पर जींद जंक्शन पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 15743 फरक्का एक्सप्रेस लगभग सात घंटे लेट रही। ट्रेन सुबह आठ बजकर 18 मिनट की जगह दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे जींद जंक्शन पर पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 22485 फिरोजपुर एक्सप्रेस सुबह नौ बजे की जगह 11 बजे जींद पहुंची। इसके अलावा ट्रेन नंबर 15910 अवध-असम एक्सप्रेस सुबह चार बजकर 27 मिनट की जगह सुबह लगभग पांच बजे जींद जंक्शन पर पहुंची। ट्रेन नंबर 12482 इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 10 बजकर 31 मिनट की जगह 11 बजकर 23 मिनट पर जींद पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 14036 धौलाधार एक्सप्रेस सुबह छह बजकर 52 मिनट की जगह आठ बजकर 12 बजे जींद जंक्शन पर पहुंची। धुंध के कारण ट्रेनों के साथ बसों के संचालन पर असर पर पड़ रहा है। अल सुबह जींद से दिल्लीए गुरुग्रामए चंडीगढ़ जाने वाली बस रास्ते में धुंध के कारण आधा से पौना घंटे आगे निर्धारित स्थान पर पहुंच रही है।



कैथल। सुबह के समय छाया कोहरा। फोटो :हरिभूमि

### शीत लहर के प्रकोप से फसलों के बचाव के लिए सावधानी बरतें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल द्वारा किसानों को फसलों, सब्जियों तथा पशुओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न गतिविधियां अपनाने की अपील करते हुए कहा कि शीत लहर और पाला फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे उनमें कई तरह की बीमारियां फैलती है। जिनमें काला रतुआए पीला रतुआए पता अंगमारी आदि शामिल है। उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने कहा कि शीतलहर अंकुरण, वृद्धि, पुष्पन और उपज में बाधाएं उत्पन्न करती है। गेहूं, सरसों एवं सब्जी फसलों में सायं के समय हलकी सिंचाई करें। पौधों में ठंड की मार से बचाने के लिए बौर्डिओक्स मिक्सचर या कॉपर ऑक्सी क्लोराइडए फास्फोरस और पोटाशियम का छिड़काव करके जड़ों के बेहतर विकास को सक्रिय करें। शीत लहर के दौरान गेहूं, सरसों व सब्जी फसलों में हलकी और बार-बार सतही सिंचाई करें और यदि संभव हो सके तो स्प्रिंकलर सिंचाई का उपयोग करें। जैविक मल्चिंग के लिए (आच्छादन) पराली का प्रयोग कर सकते हैं। टमाटर, बैंगन जैसी सब्जियों की मिश्रित खेती, साथ ही सरसों जैसी लंबी फसल की खेती, ठंडी हवाओं से आवश्यक सुरक्षा प्रदान करेगी।





जींद। हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रैक्टर। फोटो :हरिभूमि

# गन्ने की खाली ट्रैक्टर-ट्राली से ट्रक की भिडंत से बिफरे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शुगर मिल के सामने ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर किसान शुक्रवार सुबह किसान बिफर गए। किसानों ने मिल को गन्ना रोकने तथा जाम लगाने की चेतावनी दी। सूचना पाकर शुगर मिल एमडी किसानों के बीच पहुंचे और उच्च अधिकारियों तक मांग पहुंचाने का आश्वासन देकर किसानों को शांत किया।

शुक्रवार सुबह दो किसान शुगर मिल में गन्ना डाल ट्रैक्टर ट्राली लेकर वापस शहर की तरफ आ रहे थे। उस दौरान धुंध के चलते सामने से आ रहे ट्रक की टक्कर हो गई। जिसमें ट्रैक्टर का पहिया टूट गया और ट्राली पलट गई। उसमें सवार दोनों किसानों को भी चोटें आई। जिस पर किसान बिफर गए और विरोध जताना शुरू कर दिया। किसान शुगर मिल के सामने जींद-पटियाला मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग करने लगे। किसानों ने शुगर मिल को गन्ना न देने तथा जाम लगाने की चेतावनी दी। किसानों के बिफरने की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसानों की समस्या सुनी। जिसके बाद शुगर मिल के एमडी प्रवीण तहलान किसानों के बीच पहुंचे और उनकी मांग उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दे कर उन्हें शांत किया।

### बिजली कर्मियों ने जताया रोष

**राजौंद।** एचएसईबी हरियाणा कर्मचारी महासंघ सब यूनिट राजौंद के कर्मचारियों ने पांचवें दिन रोष स्वरूप गेट मीटिंग एक्शन ऑपरेशन कार्यालय में पुंडरी राजौंद के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए रोष स्वरूप विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार की गलत नीति के कारण कर्मचारियों का ट्रांसफर होने पर नए एरिए की लाइनों का उन्हें पता न होने पर वह दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं और उपभोक्ताओं की कंप्लेंट भी समय पर नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इस नीति से उपभोक्ता भी काफी परेशान हैं। इस दौरान सब यूनिट सचिव मुकेश कोटड़ा ने कहा जब तक गलत नीति ऑनलाइन पॉलिसी वापिस नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप बनवाला,गुरुदेव मुंडे,रोहतास मौजूद रहे।

## बाइक सवारों ने दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर दो को उतारा मौत के घाट

# पाई में डबल मर्डर से दहशत, गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस मुस्तैद

## पुलिस ने किया निरीक्षण, गांव और आसपास के इलाकों में नाकाबंदी

**भाना तीन बेटियों का पिता था, राजेंद्र के दो बच्चे थे**

अश्वनी खुराना ▶▶| पूंडरी

पूंडरी क्षेत्र के गांव पाई में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर ने पूरे गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। दिनदहाड़े हुई इस खौफनाक वारदात के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। हालात ऐसे हैं कि कोई भी ग्रामीण खुलकर घटना पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है और जो बोलना चाहता है, उसे भी चुप करा दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात हत्यारों ने सबसे पहले 40 वर्षीय राजेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी। राजेंद्र इलेक्टिक स्कूटी पर गांव पाई से पूंडरी की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि हत्यारे पहले से ही उसकी ताक में बैठे थे। जैसे ही वह गांव जटहेड़ी के पास खेतों के रास्ते पहुंचा, हमलावरों ने उसे रोककर ताबड़तोड़ 3 से 4 गोलियां मार दीं, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद हमलावर गांव पाई पहुंचे और वहां करीब 75 वर्षीय वीरभान उर्फ भाना को निशाना बनाया। भाना को उसके घर के पास ही गली में गोली मार दी गई। बताया गया है कि भाना चलने-फिरने में असमर्थ था और लाठी के सहारे चलता था। उसके एक हाथ में कंपन रहता था। ग्रामीणों के अनुसार वह उस दिन मौसम साफ होने के चलते अपने भौरखे पर जोत लगाने जाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उससे पहले ही हमलावरों ने उसकी जान ले ली।

दोहरी हत्या की इस वारदात से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतक भाना तीन बेटियों का पिता था, जबकि राजेंद्र के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। राजेंद्र की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बार-बार बेहोश हो रही थी। पूरे गांव में मातम का माहौल है, लेकिन भय के चलते लोग सामने आकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी उपासना, डीएसपी सुशील कुमार, डीएसपी वीरभान सहित दोनों सीआईए टीमें और 4 एसटीएफ की टीमें पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और गांव व आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2012 में गांव पाई में 300 गज के प्लॉट को लेकर हुए विवाद में राजा और फकीर चंद की लाठी-गंडासियों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में राजेंद्र, भाना सहित 14 लोगों को सजा होने की बात सामने आई थी। इनमें से चार आरोपियों की पहले ही मौत हो चुकी है। भाना कुछ वर्षों बाद जेल से बाहर आ गया था, जबकि राजेंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। बाद में राजेंद्र को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी और वह गांव में ही अपने परिवार के साथ रह रहा था।



पूंडरी। कार्रवाई करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस की टीम जांच में जुटी

डबल मर्डर की इस वारदात ने गांव पाई में भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीण अपने घरों में सिमटे हुए हैं और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद असुरक्षा की भावना बनी हुई है। पुलिस टीमें लगातार जांच में जुटी हैं और हत्यारों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### गंभीरता से नहीं लिया

परिजनों का कहना है कि उन्हें इस बात की भनक नहीं थी कि राजा और फकीर चंद के परिवार के सदस्य बदला लेने की योजना बना रहे हैं। हालांकि दबी जुबान में इतना जरूर कहा गया कि गांव और आसपास के लोग अक्सर बताते थे कि आरोपी परिवार बदले की बातें करता रहता है, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। बताया गया है कि हाल के समय में दोनों पक्षों के बीच कोई सीधी कहासुनी या विवाद भी सामने नहीं आया था और न ही किसी प्रकार के जान के खतरे को लेकर पुलिस को कोई सूचना दी गई थी।

### अवैध राइस मिल पर चला डीटीपी विभाग का पीला पंजा

**गुहला-चीका।** जिला योजनाकार अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से गुहला-चीका के अन्तर्गत पड़ने वाली राजस्व संपदा गांव सदरहेड़ी व खुशहाल माजरा में चल रहे अवैध राईस मिल्स में तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। तीन एकड़ में चल रहे राइस मिल में बनी चार दिवारी व सैट बैक में बने निर्माण को पीले पंजे से तोड़ा गया। इस कार्रवाई के दौरान बीडीपीओ सीवन बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में कैथल-पटियाला रोड से खुशहाल माजरा रोड पर अवैध राईस मिल चलने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा राइस मिल के मालिकों को एचएसआर एक्ट 1963 की धाराओं के तहत नोटिस करके कार्यालय द्वारा इस अवैध निर्माण को तोड़ने संबंधित कार्यक्रम का अनुमोदन उपायुक्त से प्राप्त कर लिया गया था। जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आह्वान किया गया कि कंट्रोल एरिया में निर्माण करने से पूर्व सीएलयू लेना अति आवश्यक है।



कैथल। एचआरए की मांग को लेकर रोष जताते कर्मचारी।

### काले बिल्ले लगाकर दिया सांकेतिक धरना देकर

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने आज सामूहिक रूप से काले बिल्ले लगाकर शांतिपूर्ण ढंग से सांकेतिक धरना / प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान लंबे समय से लंबित मकान किराया भत्ता के मुद्दे की ओर आकर्षित करते इसकी शीघ्र स्वीकृति एवं संशोधन की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों में यह सुविधा वर्ष 2019 से लागू है, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में कार्यरत नियमित स्टाफ अब तक इस मूलभूत भत्ते से वंचित है। कर्मचारियों के अनुसार एचआरए से संबंधित फाइल शिक्षा विभाग एवं वित्त विभाग के बीच लंबे समय से लंबित है तथा बार-बार आपत्तियां लगाए जाने के कारण निर्णय में अनावश्यक देरी हो रही है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि पिछले वेतन आयोगों में सहायता प्राप्त कॉलेजों के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों के समान किराया भत्ता मिलता रहा है, इसलिए वर्तमान में एचआरए का लाभ न मिलना न्यायसंगत नहीं है।स्टाफ ने सरकार से मांग की कि लंबित फाइलों का शीघ्र निपटारा कर सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के नियमित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के एचआरए को तत्काल लागू/संशोधित किया जाए।

### मंडी से धान की बोरी चोरी करते दो पकड़े

**जींद।** नई अनाज मंडी से धान की बोरी चोरी करते समय पुलिस राइडर ने दो लोगों को पकडऩे में सफलता हासिल की है। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति कार को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंडी आढ़तियों ने कहा कि पहले भी मंडी से रात के समय धान की बोरियां चोरी हुई हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बुढ़ा बाबा बस्ती निवासी शिवा उर्फ गांधी और विकास नगर निवासी सुनील के रूप में हुई है। जबकि तीसरा आरोपित अंधेरे व धुंध का फायदा उठाकर भाग निकलने में कामयाब रहा। पुलिस ने यहां से एक कार को भी बरामद किया है। जिसमें यह लोग धान की बोरी चोरी करके ले जाने का प्रयास कर रहे थे। रात को घना कोहरा होने के कारण एक कार अनाज मंडी में घुसी। आढ़ती दीपक गोयत की दुकान के बाहर धान की बोरियों से भरा एक ट्रक खड़ा था। इस कार में आए लोगों ने ट्रक से धान की बोरियां उतारनी शुरू कर दी और अपनी कार में लोड करने लगे। तभी किसी को भनक लग गई थी।

# पीजीआई में कंप्यूटर आपरेटर लगवाने का झांसा देकर आठ लाख रुपये हड़पे

**फर्जी ज्वायनिंग लेटर जारी करने तथा रुपये ना लौटाने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पीजीआई रोहतक में कंप्यूटर आपरेटर लगवाने के नाम पर आठ लाख रुपये हडपने तथा फर्जी ज्वायनिंग लेटर जारी करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भागखेड़ा निवासी विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मोरखी निवासी राजेश से अच्छी जान पहचान रही है। वर्ष 2022 में राजेश ने बताया कि पीजीआई रोहतक में उसकी अच्छी जान पहचान है। वह उसे नौकरी लगवा देगा। जिसके बाद आरोपित ने उसे पिंडारा निवासी कृष्ण से मिलवाया। आरोपितों ने उसे पीजीआई में कंप्यूटर आपरेटर लगवाने की बात कही। जिसकी एवज में आठ लाख रुपये की डिमांड की। जिस पर उसने चार लाख रुपये नगद तथा चार लाख रुपये ऑनलाइन भेज दिए। आरोपितों ने उसका ज्वायनिंग जारी करवा दिया। जब उसने उसकी जांच की तो वह फर्जी पाया गया। जिस पर उसने आरोपितों से संपर्क साधा। आरोपितों ने राशि वापस करने के लिए कहा। बावजूद इसके आरोपितों ने राशि को वापस नही लौटाया। जब उसने दबाव डाला तो आरोपितों ने रुपये लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना सफीदों पुलिस ने विनय की शिकायत पर राजेश तथा कृष्ण के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना सफीदों प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि नौकरी लगवाने के नाम पर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जनरेटर खराब, नागरिक अस्पताल में मोबाइल टार्च की लाइट में करना पड़ रहा उपचार

# बिजली गुल होने से स्वास्थ्य विभाग की इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जाने कब लाइट चली जाए और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो जाएं। हालांकि अस्पताल में बडा जनरेटर सेट है। जो अस्पताल का लोड उठासकता है लेकिन इस जनरेटर सेट की सर्विस नहीं होने के कारण कई बार बिजली की समस्या पैदा हो जाती है। जनरेटर सेट को ठीक करवाने तथा इसकी वार्षिक मरम्मत के लिए अस्पताल प्रशासन के पास बजट नही था। अब लोन बेसिस पर जनरेटर सेट की मरम्मत करवाई जाएगी। कई बार बिजली जाने तथा जनरेटर सेट के काम नहीं करने से चिकित्सकों को मोबाइल टार्च की रोशनी में मरीजों का उपचार करना पड़ता है। सोमवार को जनरेटर की मरम्मत का कार्य हो जाएगा। नागरिक अस्पताल वैसे तो हॉट लाइन से जुड़ा हुआ है लेकिन कई बार ऐसा हो चुका है कि लाइन में कोई दिक्कत आ जाती है या फिर कोई फॉल्ट आ जाता है तो परेशानी हो जाती है। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में ही इमरजेंसी वार्ड है। इस बिल्डिंग के लिए दो जनरेटर सेट रखे हुए हैं। इनकी मरम्मत का कार्य नही हो रहा। इसी कारण इनमें भी कई बार फाल्ट आ चुका है। ऐसे में कई बार बिजली गुल हो चुकी है। बिजली गुल होने से अस्पताल की बिल्डिंग में अंधेरा छा जाता है और चिकित्सकों को अंधेरे में ही मरीजों का इलाज करना पड़ता है। ऐसे में मोबाइल की टार्च काम आती है। स्वास्थ्य विभाग ने जनरेटर सैट की मरम्मत का बजट बनाया तो यह एक साल तक मरम्मत तथा देखरेख के लिए साढ़े तीन लाख रुपये बताया गया। स्वास्थ्य विभाग के पास इतना बजट नहीं था। अब स्वास्थ्य विभाग लोन बेसिस पर जनरेटर सैट की मरम्मत करवाएगा।




जींद। अस्पताल में रखे जनरेटर सेट की जांच करते हुए कर्मचारी।

### सोमवार को आएगा इंजीनियर

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दो जनरेटर सेट हैं। इनसे काम चलाया जा रहा है। इनकी वार्षिक मरम्मत का खर्च लगभग साढ़े तीन लाख रुपये आएगा। इसके लिए बात हो चुकी है। फिलहाल बजट नहीं है। यह कार्य लोन बेसिस पर करवाया जाएगा। बजट आते ही पैमेंट कर दी जाएगी। सोमवार को इंजीनियर बुलाकर यह कार्य करवा दिया जाएगा।

### अदालत ने कैदी की सजा को रखा बरकरार

**कैथल।** एडीजे नंदिता कौशिक ने चैक बांउस के एम मामले में अपील को खारिज करते निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। इस मामले में तत्कालीन जेएमआईसी अश्वनी गुप्ता ने दोषी को एक साल की कैद की सजा सुनाई थी। अपील और ट्रायल में शिकायतकर्ता/ प्रतिवादी के केस की पैरवी एडवोकट सचिन जैन ने की। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता/ प्रतिवादी सतबीर ने आरोपी अपीलकर्ता कर्मबीर के खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत शिकायत दर्ज की थी। यह शिकायत कर्मबीर द्वारा 19 नवंबर 2015 को नकद लिए गए 4,30,000 रुपये की रकम चुकाने के लिए जारी किए गए चैक के संबंध में थी। शिकायतकर्ता सतबीर और आरोपी कर्मबीर करीबी रिश्तेदार हैं।




## वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका
## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती



राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



### धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



### कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



### हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



### वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला




### 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरू होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




## सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

## 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

### अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग स्थानों से दो महिला लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव सुरबुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 दिसंबर रात को उसकी पुत्रवधु घर से गायब हो गई। वही गांव बागडू निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

### युवाओं के लिए धर्म चर्चा का आयोजन

**उचाना।** 22 पंथ एसएस जैन स्थानक में संघ प्रमुख योगीराज अरूण चंद्र महाराज के शिष्य अनुराग मुनि, अभिषेक मुनि विराजमान है। हर रोज रात को आठ बजे से लेकर नौ बजे तक अभिषेक मुनि के सानिध्य में युवाओं को लेकर युवा संघ उचाना की अगुवाई में धर्म चर्चा आयोजित होती है। धर्म सभा में युवाओं के मन में जो जिज्ञासा हो वो बात रखते है। युवाओं द्वारा रखी गई बात पर समाधानयुक्त युवाओं के मन में जो संशय हो उसको दूर करने का काम अभिषेक मुनि करते हैं।

### कपास की आवक कम भाव बीते वर्ष से ज्यादा

**उचाना।** कपास की आवक बीते साल की अपेक्षा कम हुई है लेकिन इन दिनों भाव किसानों को बीते साल से अधिक मिल रहे है। अब तक 38038 क्विंटल कपास की आवक हो चुकी है। बीते साल इन दिनों तक 41604 क्विंटल आवक हुई थी। इस साल 3568 क्विंटल आवक कम हुई है। इन दिनों भाव कम से कम 6710 रुपये प्रति क्विंटल तक है तो अधिक से अधिक 7345 रुपये प्रति क्विंटल तक किसानों को मिल रहे है।

### गांव में आयोजित किए जाएंगे विशेष शिविर

**जींद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने कहा कि भारत सरकार की डिजिटल कृषि मिशन (डीएम 2024) के अंतर्गत विकसित एग्री स्टैक प्लेटफॉर्म के तहत किसान रजिस्ट्री किसान पहचान पत्र फार्मर का निर्माण अब आवश्यक हो गया है। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का भुगतान एग्री.स्टैक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध किसान रजिस्ट्री के माध्यम से ही किया जाएगा।

---

### सरपंच ने मरम्मत के नाम पर 40 फुट चौड़ी गली का 30 फुट चौड़ा हिस्सा ही बनवाया

# ग्रामीणों ने गली को लेकर पंचायत प्रशासन के खिलाफ जताया रोष

### ग्रामीणों ने सरपंच पर चुनावी रंजिश के चलते परेशान करने का लगाया आरोप

**कार्य में जातिगत भेदभाव करना सरपंच पद की गरिमा के विपरीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांड। रोष जताते पबनावा के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

गांव पबनावा में बड़े मंदिर की ओर जाने वाली गली को लेकर ग्रामीणों ने भारी आक्रोश जताते हुए गांव सरपंच व जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ने राजनीतिक रंजिश के चलते गली निर्माण कार्य में खुला पक्षपात किया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण प्रवीण कुमार, सतपाल कुमार, सतीश शर्मा, रामपाल शर्मा, राजपाल शर्मा व बृजभूषण शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव में मंदिर की और जाने वाली गली करीब 40 फुट चौड़ी है, लेकिन सरपंच ने मरम्मत के नाम पर केवल 30 फुट चौड़ा हिस्सा ही बनवाया है। यह हिस्सा उस दिशा में बनाया गया है जहां किसी के घर नहीं हैं, जबकि जिस साइड पर उनके समाज के 4 से 5 घर हैं, वहां 10 फुट का हिस्सा जानबूझकर अधूरा छोड़ दिया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि जिस हिस्से को छोड़ा गया है, वहां अक्सर बरसाती पानी जमा रहता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच ने यह कार्रवाई चुनावी रंजिश के चलते समाज विशेष के लोगों को परेशान करने के इरादे से की है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस भेदभावपूर्ण कार्य की शिकायत पंचायती राज विभाग के एसडीओ से की थी, जिस पर उक्त अधिकारी ने 3 नवंबर 2025 को ग्राम सचिव व सरपंच को पत्र जारी कर पूरी गली का कार्य करने के आदेश दिए थे। पत्र में स्पष्ट उल्लेख था कि "बड़े मंदिर वाली गली में रिपेयर कार्य को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है कि कार्य पक्षपातपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। एसडीओ द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करने और मौखिक आदेश देने के बावजूद, सरपंच ने निर्देशों की अवहेलना करते हुए केवल आधी गली का निर्माण ही करवाया। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी द्वारा लिखित रूप से यह चेतावनी भी दी थी कि यदि आदेश के अनुरूप कार्य नहीं किया गया तो अधिकारियों को अवहेलना की रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं सरपंच की होगी। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पूरी गली का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर एसडीओ के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने की मांग की है। गली मरम्मत जैसे छोटे से कार्य में जातिगत भेदभाव करना सरपंच पद की गरिमा के विपरीत है और पंचायत व्यवस्था पर कलंक है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह घटना प्रशासनिक उपेक्षा और स्थानीय राजनीति की देन है, जिससे समाज में आपसी वैमनस्य बढ़ रहा है।

#### फिर विधायक से लगाएंगे गुहार

ग्रामीणों ने कहा कि वे इस मामले को लेकर हल्का विधायक सतपाल जांबा से भी मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि अब वे फिर से विधायक से मिलेंगे और देखेंगे कि क्या वे उनके समाज की बात सुनते हैं या सरपंच की मनमानी पर ही चुप रहते हैं।

#### नियमानुसार किया

जब इस बारे में बीडीपीओ जगजीत सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि गली का रिपेयर का कार्य था जिसे मौके पर नियमानुसार किया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर विभाग के जेई कमल थे जिनकी देखरेख में ये कार्य किया गया है।

#### आरोप निराधार

इस संबंध में जब गांव के सरपंच सुरजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि गली का रिपेयर कार्य नियमानुसार किया गया है। जिस हिस्से में मरम्मत की आवश्यकता नहीं थी, वहां काम करवाने की जरूरत नहीं थी। हमने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया, लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

---



कलायत। राजकीय कन्या स्कूल में प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों व संयोजकों के साथ छात्राएं।

### राजकीय स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई

**कलायत।** काकोरी शहीद दिवस के अवसर पर कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य डा.रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से कक्षा 12 वी की छात्राओं ने शहीदों की विरासत को जानो विषय पर शहीद यादगारी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, क्रांतिकारी आंदोलन और शहीदों के जीवन संघर्षों से परिचित कराना था। प्रतियोगिता का संचालन कर रहे अर्थशास्त्र प्राध्यापक विश्व प्रताप सिंह राणा ने छात्राओं को काकोरी एक्शन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में इतिहास बोध विकसित करने के साथ-साथ देशभक्ति, सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करती हैं। राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह की मित्रता एवं बलिदान आज भी अवामी एकता-साझी विरासत का सशक्त संदेश देता है। प्रतियोगिता में क्रांतिकारी आंदोलन, काकोरी एक्शन व भारतीय इतिहास-राजनीति से जुड़े प्रश्न शामिल किए गए। छात्राओं ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और जागरूकता के साथ भाग लिया था।

### किसानों से जुड़े मुद्दे उठाने पर जताया विधायक का आभार

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा ढाकल हैड से रजबाहा, बरसोला माइनर में नहरी पानी की समय अवधि बढ़ाने सहित अन्य मांगे विधानसभा में सत्र के पहले दिन उठाने पर किसान नेता आजाद पालवां ने आभार प्रकट किया। पालवां ने कहा कि उपमंडल कार्यालय में दो साल से अधिक समय हो गया है हलके की मांगों को लेकर धरना दे रहे है। जिसमें सबसे प्रमुख मांग ढाकल हैड से रजबाहाए बरसोला माइनर में पानी अवधि बढ़ाने सहित अन्य है। उचाना विधायक ने विधानसभा सत्र में दोबारा से फिर ढाकल हैड से रजबाहा सहित अन्य किसान हित की मांगों को उठाने का काम किया। इसको लेकर विधायक का आभार प्रकट करते हैं। पालवां ने कहा कि उचाना में बड़े नेता है जो बड़े पदों पर पहुंचे है।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

### सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका तय समय में समाधान सुनिश्चित करें। इसके अलावा राइट टू सर्विस एक्ट के तहत सभी सेवाएं तय समय में उपलब्ध करवाएं, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, जन संवाद, एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने विभाग अनुसार एक-एक शिकायत की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निपटान किया जाए। जन शिकायतों से संबंधित सभी पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। अगर कोई शिकायत दूसरे विभाग से संबंधित है तो उसके बारे में संबंधित विभाग को अवगत करवाएं और आपसी तालमेल के साथ उस शिकायत का निपटान करें।

---

# एआई पर कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



अंबाला रोड स्थित हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में शुक्रवार को बार एसो के अधिवक्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य विषय "लीगल प्रोफेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका, संभावनाएं और चुनौतियां" रहा। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के संचालक डॉ. बलविंद्र ढुल द्वारा सभी अधिवक्ताओं के स्वागत से हुई। संबोधन में कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब केवल आईटी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और न्यायिक क्षेत्र में भी तेजी से अपनी जगह बना रहा है। कहा कि आज लीगल प्रोफेशन में केस ड्राफ्टिंग, लीगल रिसर्च, जजमेंट एनालिसिस, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और डेटा मैनेजमेंट जैसे कार्यों में एआई अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है। अधिवक्ताओं से अपील की कि वे तकनीकी बदलावों को अपनाएं ताकि समय और श्रम दोनों की बचत हो सके। इसके पश्चात केंद्र की एआई की सहायक प्रो निष्ठा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंद्र सिंह , अरविंद खुरानिया, प्रदीप हरित, मनोज दुआ, विक्रम सिंह मुल्तानी, रविंद्र गिड़ा, निरंजन रोहिल्ला, रमेश रानी, जगमोहन नरवाल, प्रदीप शर्मा, रणजीत अरोड़ा, हंसराज वर्मा, दिनेश क्वात्रा, मनीषा, अमन शर्मा, रविंद्र गौड़, आकाश बिड़ला सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।हारट्रोन की ओर से मैनेजर मोहिनी कंसल, कोऑर्डिनेटर खुशबू अरोड़ा तथा संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी और समयानुकूल बताया।

# सुंदर सब ब्रांच पर बनेगा पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



जुलाना। कैप्टन योगेश बैरागी का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

जुलाना उपमंडल के गांव खरैंटी में स्थित सुंदर सब ब्रांच पर पुराने पैदल पार पथ की जगह अब एक नया चौड़ा पुल बनने जा रहा है। शुक्रवार को इस पुल के निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ शिलान्यास के साथ किया गया। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल का शिलान्यास भाजपा नेता कैप्टन योगेश बैरागी की मौजूदगी में बुजुर्ग ग्रामीणों द्वारा किया गया। यह पुल 7.5 मीटर चौड़ा होगा और इसके निर्माण के बाद जुलाना उपमंडल के तीन गांव खरैंटी, करेला और झमोला आपस में सीधे तौर पर जुड़ जाएंगे। सिंचाई विभाग की निर्माण शाखा द्वारा बनाए जा रहे इस पुल पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी संभव होगी। इससे पहले यहां केवल एक संकरा पैदल रास्ता था। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता थाए खासकर बरसात के मौसम में। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि इस पुराने पैदल पुल की जगह चौड़ा और मजबूत पुल बनाने की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुल के बन जाने से हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

# सीवनवासियों ने बाईपास बनाने की मांग उठाई

**बोले- जाम बना परेशानी भारी वाहनों का प्रवेश रोके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन




सीवन। मुख्य मार्ग पर लगा जाम। फोटो :हरिभूमि

कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर स्थित सीवन नगर इन दिनों लगातार जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। स्टेट हाईवे पर बसे इस नगर से रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिसके चलते सुबह हो या शाम, हर समय मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर का मुख्य बाजार भी इसी मार्ग पर स्थित होने के कारण आमजन को दिनभर यातायात संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवन में बाईपास मार्ग न होने के कारण भारी वाहन सीधे नगर के बीचों बीच से होकर गुजरते हैं। ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के चलते कई बार लंबा जाम लग जाता है। खासकर सुबह कार्यालय समय और शाम के समय स्थिति अत्यंत विकराल हो जाती है। स्कूलों की छुट्टी के समय तो मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्कूली बच्चों, अभिभावकों और दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नगरवासी राजेश रहेजा, राज कुमार वधवा, जरनैल सिंह, नरेश मित्तल, विक्की आहूजा, विजय सरदाना, सुरेश सरदाना, बलजीत, सुरेंद्र सरदाना, इंदु रहेजा, नरेंद्र सैनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि नगर के बीच से गुजरने वाला यह हाईवे अब लोगों के लिए मुसीबत बन चुका है। उन्होंने कहा कि इसी मुख्य मार्ग पर सभी निजी व सरकारी बैंक, दो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थाना, खंड कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय और बिजली बोर्ड कार्यालय स्थित हैं, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना रहता है। ऐसे में जाम लगने पर लोगों को लंबे समय तक फंसे रहना पड़ता है। नगरवासियों ने यह भी बताया कि सीवन में कोई स्थायी बस स्टैंड नहीं है। कैथल, चीका और पटियाला की ओर जाने वाली बसें मुख्य मार्ग पर ही यात्रियों को चढ़ाने-उतारने का कार्य करती हैं, जिससे जाम की समस्या और अधिक बढ़ जाती है। वहीं इन दिनों धान की पराली के सीजन में पराली से लदे ओवरलोड वाहन भी नगर के बीच से गुजर रहे हैं, जिनके पीछे वाहनों की लंबी कतारें आम दृश्य बन चुकी हैं।

# एसआईआर के नाम पर जनता को भ्रम में डाल रहा विपक्ष : सुरेश संधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



भाजपा जिला महामंत्री कैथल सुरेश संधू ने वोट चोरी और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर विपक्ष के झूठे और भ्रामक प्रचार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज विपक्ष की राजनीति पूरी तरह झूठ, भ्रम और साजिश पर आधारित हो चुकी है। जब से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को शुद्ध करने की प्रक्रिया तेज की है, तब से विपक्षी दल बौखलाहट में लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने पर उतर आए हैं। सुरेश संधू ने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक संवैधानिक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य फर्जी, मृत और डुप्लीकेट वोटरों को हटाकर केवल वास्तविक और पात्र नागरिकों को मताधिकार दिलाना है। लेकिन जिन दलों ने वर्षों तक फर्जी वोटों के सहारे सत्ता की राजनीति की, वही आज वोट चोरी का झूठा राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह अच्छी तरह जानता है कि जब मतदाता सूची शुद्ध होगी, तो उनकी तुष्टिकरण और धोखाधड़ी की राजनीति का अंत तय है। इसी डर से वे चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था पर सवाल खड़े कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जो कि सीधे-सीधे लोकतंत्र का अपमान है।

---

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद छात्रों को जूते और जर्सियां वितरित



**जींद।** छोटू राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की रोहतक रोड शाखा पर शुक्रवार को विद्यालय परिवार की तरफ से सर्दियों से बचने के लिए जरुरतमंद छात्र व छात्राओं को जूते व जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को सर्दी से बचे रहने के लिए प्रेरित किया व किस प्रकार शिक्षा से कामयाबी के शिखर तक पहुंचा जा सकता है, इसके गुर सिखाए। इस अवसर पर ब्रांच इंचार्ज रामबीर, सविता, नरेश कुमारी, अजय मलिक आदि सभी मौजूद रहे।

### समृद्ध कलाकार, राष्ट्र की आवश्यकता : कौशिक

**जींद।** सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी एक अखिल भारतीय स्तर पर कला के उत्थान एवं कलाकारों के सहयोग हेतु सतत रूप से कार्य करने वाली प्रतिष्ठित संस्था है। संस्था द्वारा समय-समय पर कला छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, कला सामग्री का वितरण करना तथा आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सहयोग देना प्रमुख गतिविधियों में शामिल है। इसी क्रम में सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी द्वारा गोविंदपुरा मिडल स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल किनाना व पीएम श्री गवर्नमेंट स्कूल उचाना में अध्ययनरत कला छात्रों को आवश्यक कला सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना रहा। संस्था के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि कला और कलाकार के माध्यम से राष्ट्रहित में एक व्यापक जनजागरण और सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

### कर्मियों को थकावट दूर करने के बताए तरीके

**जींद।** कर्मचारियों को तरोताजा रखने के लिए वह अपने कार्य पर पुनः ध्यान लगाने के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय जींद के दो विभागों में आयुष योग सहायकों नवनीत व कुलदीप के द्वारा योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वस्थ रखना, उन्हें अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित करना और उनके थकावट को दूर करना इन उद्देश्यों के लिए आयुष योग सहायकों द्वारा आज कुर्सी पर बैठने वाले आसनों का सूक्ष्म क्रियाओं का प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन अपने कार्यालय में पांच मिनट के योग ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला जींद में सभी विभागों में प्रशिक्षण कार्य चला हुआ है। आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के द्वारा अपने निरीक्षण में योगाचार्य योग विशेषज्ञ गोविंदा की देखरेख में इस कार्य को जिला जींद में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसमें आयुष विभाग के द्वारा हर कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को योग ब्रेक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ग्रामीणों को गिरते लिंगानुपात के नुकसान बताए

**जींद।** गांव लखमीरवाला में एमपीएचडबल्यू वीरेंद्र दलाल द्वारा गांव में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों को गिरते लिंगानुपात के नुकसान बताए। इस दौरान ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ भी दिलाई गई। वीरेंद्र ने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है। जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था ताकि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। यह अभियान बेटियों के लिंगानुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत सरकार और समाज मिलकर बेटियों की रक्षा के लिए काम करते हैं। एएनएम रेखा कौशिक ने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि इस एक्ट के तहत लिंग जांच करना एक कानूनी अपराध है।

### पंच प्रण देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में पंच प्रण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को राष्ट्र निर्माण से जुड़े पंच प्रण के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने सभी अनुदेशकगण एवं विद्यार्थियों का अभिवादन करते कहा कि पंच प्रण देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया। ये पांच संकल्प भारत को एक सशक्त आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। बताया कि पहला प्रण विकसित भारत का संकल्प, जिसके अंतर्गत शिक्षा विज्ञान, तकनीक, उद्योग और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में निरंतर प्रगति का लक्ष्य रखा गया है। दूसरा प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्ति जिसमें आत्मनिर्भर सोच, आत्मविश्वास और स्वदेशी भाव को अपनाने पर बल दिया गया है।

### वीसी से सुशासन सप्ताह 2025 का शुभारंभ

**जींद।** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की सचिव रचना शाह ने शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें सुशासन सप्ताह 2025 के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर का शुभारंभ किया। अपने उद्घाटन संबोधन में सचिव ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रशासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना, सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाना तथा जन शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के दौरान नागरिकों की समस्याओं के निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर जिला स्तर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में सीटीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुशासन सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। सीटीएम मोनिका रानी ने कहा कि जिले में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### डीएसपी ने दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी



**कैथल।** डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से बाल विकास ग्लोबल स्कूल तितरम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला विरुद्ध अपराध – छात्राओं को उनके अधिकारों व कानूनों की जानकारी देते हुए दुर्गा शक्ति व आपातकालीन नंबर 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की घटना की तुरंत शिकायत दर्ज करवाने की सलाह दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न केवल कानूनन अनिवार्य है बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग तथा बिना लाइसेंस वाहन चलाने के खतरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### रक्तदान से सहयोग की भावना मजबूतः कुलदीप

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा शुक्रवार को शुक्रवार को अर्बन एस्टेट जींद में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने की। वहीं सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, रेडक्रॉस सोसायटी जींद के सचिव रामजी लाल आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नही है और इसकी कमी केवल स्वैच्छिक रक्तदान से ही पूरी की जा सकती है। शहरवासियों, विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुनीत कार्य में सहभागिता करें और जरूरतमंदों की जान बचाने में योगदान दें। कार्यक्रम के अध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि समाज की वास्तविक और सच्ची सेवा ऐसे ही जनहितकारी एवं मानवीय आयोजनों के माध्यम से होती है।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**गुहला-चीका।** राजकीय विद्यालय अगोंध में नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय स्तर पर संजय सिंह ने किया। नोडल अधिकारी बूटा सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की गई और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों सोनम, जस्विंदर कौर, सोनिया, दीपानशी, एकता, कोमल, रिंकू पवन, अभी खान आदि छात्र छात्राओं ने रंग-बिरंगे एवं संदेशात्मक पोस्टरों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

### नियमित ध्यान मानसिक स्वास्थ्य की परम औषधि

**कैथल।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को आईटीआई कैथल में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्यान योग शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के आदेशानुसार तथा प्रधानाचार्य सतीश कुमार मच्छाल के मार्गदर्शन में किया गया।डॉ. शकुन्तला दहिया ने बताया कि नियमित ध्यान मानसिक स्वास्थ्य की परम औषधि है। ध्यान योग से मानसिक उलझन एवं तनाव से मुक्ति मिलती है। जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ राजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में शिविर का संचालन योग सहायक संदीप सिंह एवं संजू आर्य द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को योग, ध्यान एवं प्राणायाम के अभ्यास कराए गए तथा मानसिक शांति, एकाग्रता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

*हिसार से आई 8 मेक टुकड़ी ने बलिदानी मुनीष घणघस को दी अंतिम सलामी, हर ग्रामीण की आंखें हुईं नम*

# सुलहेड़ा के जवान का पश्चिम बंगाल में बीमारी के चलते निधन
# दो दिन बाद थी मुनीष की शादी की सालगिरह, अब छाई मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना उपमंडल के गांव सुलहेड़ा के जवान की पश्चिम बंगाल में बीमारी के चलते निधन हो गया। सुलहेड़ा गांव के मुनीष कुमार मात्र 29 साल की उम्र में ही शुक्रवार को वीरगति को प्राप्त हो गए। मुनीष कुमार की मौत का समाचार जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव की आंखें नम हो गई और मृतक परिवार को ढांढस बंधाने के लिए ग्रामीण घर पहुंचे। सुलहेड़ा निवासी मुनीष कुमार इस समय पश्चिम बंगाल में तैनात थे। हृदय गति रूक जाने के चलते उनकी मौत हो गई। मनीष कुमार विवाहित थे तथा उसकी शादी को मात्र 6 साल ही हुए थे। परंतु अभी बच्चे नही थे। मुनीष कुमार ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की हुई थी और लगभग पिछले नौ वर्षों से भारतीय आर्मी सेवा में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके परिवार में मां-बाप और एक छोटा भाई है। मुनीष कुमार का छोटा भाई भी फौज की तैयारी कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मुनीष कुमार स्वभाव से बहुत ही अच्छे थे। वर्ष 1971 की लड़ाई में गांव के ही आभेराम शहीद हुए थे और शुक्रवार को एक बार फिर इसी गांव के मुनीष वीरगति को प्राप्त हुए हैं। मुनीष के माता-पिता दिहाड़ी, मजदूरी का काम करते हैं। मुनीष ने अपनी पढ़ाई अपने मामा के यहां रह कर पावड़ा गांव में पूरी की थी। मुनीष कुमार की धर्मपत्नी ग्रहणी है।


मृतक मुनीष कुमार का फाइल फोटो।


गांव सुलहेड़ा पहुंचे सेना के जवान।


बलिदानी मुनीष कुमार को अंतिम सलामी देते हुए।

## बलिदानी मुनीष कुमार को किया नमन



### 22 जनवरी को आना था घर

भाई सोनू बताया कि मुनीष 15 जून, 2015 को जालंधर में टेटोरियल आर्मी में भर्ती हुआ था। डेढ़ साल पहले ही उसके द्वारा पेपर पास करने के बाद डिफेंस साईंस बोर्ड में चला गया था। वह सिपाही के पद पर पश्चिमी बंगाल में एयर फोर्स कैंट में ड्यूटी पर तैनात था। वह पिछली बार शिवरात्रि पर छुट्टी आया था। वह अब 22 जनवरी को एक महीने की छुट्टी पर आना था लेकिन उससे पहले शहादत हो गई।

## मुनीष के मुंह व नाक से आया खून

मुनीष कुमार पश्चिमी बंगाल में ड्यूटी के दौरान शुक्रवार सुबह फिजीकल ट्रेनिंग कर रहे थे। उसी दौरान मुंह व नाक से खून आने के कारण उनकी मौत हो गई। हिसार से आई 8 मेक टुकड़ी के सैन्य वाहन में उनके पार्थिव शरीर को गांव सुलहेड़ा ले जाया गया। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार रणबीर सिंह, डीएसपी कमलदीप राणा ने मुनीष कुमार को श्रद्धाजंलि दी। वहीं मुनीष के पिता जगदीश को देश की शान तिरंगा झंडा दिया गया। बलिदानी मुनीष के छोटे भाई सोनू ने उसके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी।

## संतान का दुख भी झेल रही है पत्नी

मुनीष कुमार के भाई सोनू ने बताया कि उसके भाई मुनीष की शादी 21 दिसंबर 2017 को जिला फतेहाबाद के गांव गोरखपुर में सुशीला के साथ हुई थी। उसकी दो दिन बाद ही 21 दिसंबर को शादी की 8वीं शादी की सालगिरह थी। जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल था। लेकिन उसका तिरंगा में लिपटा शव आने पर परिवार में खुशी गम में बदल गई। स्वजनों ने बताया कि मुनीष के कोई संतान नहीं थी। चार-पांच बार बच्चा खराब हो चुका था।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा में युवाओं की आवाज बने अत्री : संदीप

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक एवं भाजपा नेता संदीप चहल बड़ौदा ने कहा कि उचाना हलके के पुराने मुद्दे जिनकी तरफ किसी ने भी आज तक बार.बार मांग करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया था उन मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर विधायक बनने के बाद विधानसभा सत्र में उन्हें उठाने का काम विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कर रहे हैं। किसानों की सबसे पुरानी मांग को विधानसभा में उठाते हुए ढाकल हैड से नया रजबाहा निकाले जाने की मांग की।

### उचाना खुर्द के अंकित का फुटबॉल में चयन

**उचाना।** उचाना खुर्द के अंकित का संतोष ट्रॉफी 2025 के लिए टीम हरियाणा फुटबॉल टीम में चयन हुआ। यूपी के आगरा में 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक होने वाले मैचों में टीम हरियाणा के लिए अंकित खेलेगा। पूर्व ब्लाक समिति सदस्य सुरेश उचाना खुर्द ने बताया कि पहला मुकाबला हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच होगा। अंकित का टीम हरियाणा में संतोष ट्राफी के लिए चयन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उचाना खुर्द के युवाओं का निरंतर फुटबॉल के खेल को लेकर रूझान बढ़ रहा है।

### ऑनलाइन स्थानांतरण नीति का विरोध

**पूंडरी।** एच.एस.ई.बी. वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी पंजीकरण संख्या 292 के आह्वान पर लगातार छठे दिन आनलाईन स्थानांतरण नीति के विरोध में गेट मिटिंग आयोजित की गई। जिसमें बडी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान जितेन्द्र बाकल ने की और मंच का संचालन यूनिट सचिव राममेहर जे.ई. ने किया। जितेन्द्र बाकल ने कहा कि यूनिट पूण्डरी द्वारा कार्यकारी अभियन्ता को एसीएस पावर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

### मनरेगा मजदूर यूनियन ने की नारेबाजी

**कलायत।** क्रांतिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन के बैनर तले कलायत ब्लाक के बीडीपीओ कार्यालय पर मनरेगा योजना को लेकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने नए विकसित भारत, रोजग़ार और आजीविका की गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 की प्रति जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। यूनियन द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम बीडीपीओ रितू शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन प्रभारी अजय आशु ने कहा कि सरकार ने लोकसभा में एक और मजदूर-विरोधी विधेयक पेश किया है।

### विपक्ष बिना तथ्यों के कर रहा गुमराह : बबीता

**राजौंद।** नगर पालिका चेयरपर्सन बबीता रानी ने एफआईआर (सिस्टमेटिक इंस्टीट्यूशनल रिफॉर्म) और तथाकथित वोट चोरी के मुद्दे पर कहा कि विपक्ष बिना तथ्यों और प्रमाणों के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है,जबकि भाजपा लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शिता के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि एफआईआर जैसे सुधारात्मक कदम प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और सिस्टम को मजबूत करने के लिए जरूरी हैं।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में मेरिट समारोह का भव्य आयोजन

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामपाल सैनी ने बच्चों को सराहा

# बच्चे संस्कार, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें तो देंगे देश को नई दिशा : डॉ. रामपाल










**जींद।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए बच्चे व प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक भव्य मेरिट समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय प्रांगण में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामपाल सैनी ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संपर्क अधिकारी वीसी विजय व श्री श्याम लाडली ग्रुप जींद प्रमुख कोमल वर्मा, महक, मुस्कान, डॉली, सीए गौरव अरोड़ा, सीए खुशबू अरोड़ा, सीए जयभगवान यादव, राजेश वशिष्ठ, रमेश भानवाला, सुमिता आशरी, शिवचरण मोयल अधिवक्ता सुनील केआरएल, राजेश कुमार, बलजीत, एलुमनी मनजीत, सीए गौरव, सीए रेनू की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्तिमय और प्रेरणादायी बना दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ युगमंथन विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस नाट्य नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग की विशेषताओं को प्रभावशाली ढंग से मंच पर उतारा। सतयुग में सत्य, अहिंसा और धर्म की प्रधानता को दर्शाया गया। त्रेतायुग में मर्यादा, कर्तव्य और आदर्शों की झलक दिखाई गई। द्वापरयुग में कर्म, संघर्ष और धर्म अधर्म के द्वंद्व को प्रस्तुत किया गया। कलियुग में आधुनिक जीवन की चुनौतियां, भौतिकता और मूल्यों में हो रहे परिवर्तन को सजीव रूप में प्रदर्शित किया गया।

विद्यार्थियों की अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी, नृत्य भाव और मंच सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रस्तुति केवल मनोरंजन नही थी बल्कि समाज को आत्मचिंतन का संदेश देने वाली एक प्रेरणादायक रचना थी।

### बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास

मुख्यअतिथि डा. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थी ही किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। आज के बच्चे यदि संस्कारों, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें तो वे समाज और देश को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युगमंथन जैसी प्रस्तुति विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोडने का एक सशक्त माध्यम है।

### अगले सत्र से डिजिटल लर्निंग बढ़ेगी

विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संदीप दहिया ने कार्यक्रम में अभिभावकों को संबोधित करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले सत्र से विद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, उन्नत विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय का विस्तार तथा खेल सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों को अवगत कराया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई-नई गतिविधियों की शुरुआत करने जा रहा है।

### आत्मविश्वास को बढ़ावा देना मकसद

विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मेरिट ईव का उद्देश्य केवल पुरस्कार वितरण नही बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना और उन्हें आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष बल देता है। युगमंथन जैसी प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना से भी जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। मेरिट ईव एवं युगमंथन कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी। यह आयोजन निश्चय ही विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। इस प्रकार मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय का यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों का एक उत्कृष्ट संगम बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## विनेश ने जलभराव व स्कूल की कंडम बिल्डिंग का उठाया मुद्दा

- जुलाना हांसी रोड पर रेलवे फाटक बंद होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


विधायक विनेश फोगाट।

जुलाना विधानसभा सत्र के दौरान जुलाना विधानसभा क्षेत्र की विधायक विनेश फोगाट ने जनसमस्याओं को मजबूती से उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही समस्याएं अब गंभीर और जानलेवा रूप ले चुकी हैं।

जिनका स्थायी समाधान किया जाना बेहद जरूरी है। विधायक विनेश फोगाट ने सबसे पहले जुलाना हांसी रोड पर रेलवे फाटक का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इस रेलवे फाटक से प्रतिदिन लगभग 50 हजार लोगों का आवागमन होता है लेकिन बार-बार फाटक बंद रहने के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी बाधित हो जाती हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस रेलवे फाटक पर शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## हवा-पानी में ज़हर घोल रही भाजपा : आदित्य

**कैथल।** हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने 'वंदे मातरम' पर चर्चा के दौरान एक ओजस्वी और भावुक भाषण दिया। उन्होंने राष्ट्रगीत की पंक्तियों को भारत मां की संज्ञा देते हुए पर्यावरणीय संकट से जोड़ा और सरकार से सवाल उठाए कि क्या प्रदूषित पानी, हवा और भूमि के बीच 'वंदे मातरम' का सच्चा सम्मान हो रहा है ? सुरजेवाला ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि वंदे मातरम्‌ यानी भारत माँ को नमन लेकिन आज हम जिस पर्यावरणीय आपदा का सामना कर रहे हैं, क्या यही माँ का सम्मान है? उन्होंने 'सुजलाम्‌ सुफलाम्‌' की पंक्ति उद्धृत करते हुए बताया कि आज पानी में लेड, यूरेनियम, फ्लोराइड और टॉक्सिक केमिकल्स मिल रहे हैं।

## एसआईआर और वोट चोरी पर विपक्ष की पोल खुली : दीपक

- भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री पूंडरी ने विपक्ष को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


दीपक नन्द्रा जोग।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री पूंडरी व भाजपा नेता दीपक कुमार नंदराजोग ने कहा कि विपक्ष के पास अब जनहित से जुड़े कोई ठोस मुद्दे नहीं बचे हैं। इसी कारण वे एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) और वोट चोरी जैसे संवेदनशील विषयों को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। वे पूंडरी में अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एसआईआर कोई राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की संवैधानिक प्रक्रिया है। लंबे समय से मतदाता सूचियों में चली आ रही अनियमितताओं को दूर करना आज समय की जरूरत है। दीपक नन्द्राजोग ने कहा कि ये आंकड़े किसी राजनीतिक नारे का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ठोस तथ्य हैं, जो यह साबित करते हैं कि मतदाता सूची में सुधार जरूरी है। करीब दो करोड़ लोगों को अब सुनवाई के दौरान वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, ताकि नागरिकता और मतदाता होने की पुष्टि हो सके।


**जींद।** मांगों को लेकर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन नेता।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का किया विरोध

**जींद।** डिवीजन ऑफिस प्रांगण में एचएसईबी वर्कर यूनियन ने शुक्रवार को केंद्रीय परिषद के दिशा-निर्देश पर एसीएस पावन पावर के खिलाफ ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान हरीओम ने की व मंच का संचालन यूनिट सचिव धर्मवीर बैरागी ने किया। प्रदर्शन में सातों सब डिवीजनों प्रधान, सचिव, कार्यकारिणी व कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस मौके पर पूर्व राज्य उप महासचिव राजेश शर्मा, उप राज्य प्रधान राजा शामदो, वीरेंदर गोयत, राजेश आसन, सुरेंद्र, संदीप किठाना, संदीप दलाल, मनोज मलिक, सुनील, जगदीश गोयत, ओमबीर, जसबीर, राजकुमार, संजीव आदि बिजली कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

## एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल राजौंद में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम, जीते मेडल

*खो-खो प्रतियोगिता के 17 वर्षीय आयु वर्ग में कृष्णा सदन ने बाजी मारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**राजौंद।** खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल राजौंद में चल रही दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में चारों सदन गंगा सदन, यमुना सदन, सरस्वती सदन व कृष्णा सदन के विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया। शुक्रवार को हुई खो-खो प्रतियोगिता के 17 वर्षीय आयु वर्ग में कृष्णा सदन प्रथम रहा जबकि यमुना सदन द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह ज्वलिग - थ्रो में दीपक गंगा सदन प्रथम व विनय कृष्णा सदन द्वितीय स्थान पर रहे। रिले रेस प्रतियोगिता व लम्बी -कूद अंडर -14 आयु वर्ग में अंकित कृष्णा सदन व नवनीत सरस्वती सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोविंद कृष्णा सदन द्वितीय स्थान व अंजली यमुना सदन प्रथम स्थान पर रही, उर्वशी और माइरा गंगा सदन द्वितीय स्थान पर रहे।

अंडर -17 आयु वर्ग में महिमा सरस्वती सदन प्रथम व आरजू सरस्वती सदन ने द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया। लड़को में ध्रुव सरस्वती सदन ने प्रथम व निशूल कृष्णा सदन द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह ऊंची - कूद अंडर -17 आयु वर्ग में दीपक गंगा सदन प्रथम दिवाकर गंगा सदन द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर -14 आयु वर्ग में चंकित कृष्णा सदन प्रथम कार्तिक गंगा सदन द्वितीय स्थान पर रहे।

### खेलों से होता है बच्चों का विकास

प्रतियोगिता के सफल आयोजन को देखकर स्कूल संचालक जयपाल शर्मा डायरेक्टर,अश्वनी शर्मा ने स्कूल प्रधानाचार्य संजीव शर्मा व डीपी जय भगवान को बधाई दी। उन्होंने कहा की आगामी वर्ष के लिए अभी से बच्चो की तैयारी करवानी शुरू रखे ताकि खेलों के द्वारा बच्चों का विकास अच्छे से होता रहा है और बच्चे बुरी आदतों के शिकार होने से बचे। इस दौरान विक्रम राकेश प्रिया राजीव शास्त्री सोनू सुनील भारती कमलेश सुनीता विरेन्द्र भारत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## सीवरेज लाइन नए सिरे से बिछाने की मांग

**उचाना।** शहर में वर्षों पुरानी सीवरेज लाइन की जगह नए सिरे से सीवरेज लाइन बिछाए जाने की मांग को विधानसभा में उठाने पर शहर के लोगों ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट किया है। मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग, कुलदीप, नरेंद्र, सुनील, विनोद ने कहा कि करीब 18 साल पहले शहर में सीवरेज लाइन बिछाई गई थी। सीवरेज लाइन बिछाने के बाद बार-बार लाइन कई सालों से जाम रहती है। कई सालों से नए सिरे से पहले से अधिक चौड़ाई वाली सीवरेज लाइन बिछाने की मांग करते आ रहे है। इस मांग को विधायक ने विधानसभा में उठाने का काम किया। बीते दिनों ही इस मांग को लेकर विधायक मिलकर मुलाकात की थी।